सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-241
28/05/2017

एटोमिक एनर्जी कमीशन के अध्यक्ष श्री शेखर बसु ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

पटना, 28 मई 2017 :– आज मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में एटोमिक एनर्जी कमीशन के अध्यक्ष श्री शेखर बसु ने अपने बिहार दौरे के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की।

मुलाकात के क्रम में श्री शेखर बसु ने मुख्यमंत्री को लीची की गुणवता एवं लीची जल्दी खराब न हो, इससे संबंधित नवीन तकनिक के बारे में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बिहार में कैंसर संस्थान स्थापित करने के संबंध में भी चर्चा हुयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार से बाहर कैंसर के इलाज के लिये बड़ी संख्या में लोग जाते हैं। बिहार में ही कैंसर संस्थान स्थापित करने के मुख्यमंत्री के अनुरोध पर श्री शेखर बसु ने कहा कि वे इस दिशा में सकारात्मक पहल करेंगे ताकि बिहार के लोगों को बिहार से बाहर कैंसर के इलाज के लिये न जाना पड़े।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, एटोमिक एनर्जी के उप सचिव श्री अभय कुमार, बियाडा के प्रबंध निदेशक श्री रविशंकर श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******